



नवभारत
भोपाल, सोमवार ,04 मई, 2026

## एक नजर में



### नर्मदा के नीलकंठ घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान

**भेरूंदा.** तहसील के ग्राम पंचायत नीलकंठ में रविवार सुबह एक प्रेरणादायक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया. नगर भेरूंदा के समाजसेवियों एवं ग्रामीणों ने मिलकर नीलकंठ घाट पर साफ-सफाई की और स्वच्छता का संदेश दिया. यह अभियान बालिका सोम्या राय के आह्वान पर सुबह 7 बजे से प्रारंभ हुआ, जो लगभग 9 बजे तक चला. इस दौरान घाट परिसर में सफाई कर कचरा हटाया गया तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया. अभियान में शामिल सभी लोगों ने यह संकल्प लिया कि नीलकंठ घाट पर प्रत्येक रविवार सुबह 7 से 9 बजे तक नियमित रूप से विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, जिससे घाट को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखा जा सके. कार्यक्रम में श्रीमती अलका चौहान, श्रीमती रचना भारी, शालिनी जाट, इंदु राय, डॉ. वीरेन्द्र राजपूत, सूरज सिंह राजपूत, सुमेर सिंह पवार, सरपंच संतोष वर्मा व ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.



### जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत निकाली कलश यात्रा

**बुधनी.** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में अनेक जल संरक्षण एवं जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं. इसी क्रम में बुधनी नगर परिषद द्वारा जल के अपव्यय को रोकने और नागरिकों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए कलश यात्रा निकाली गई. कलश यात्रा में महिलाओं ने घर-घर पहुंचकर नागरिकों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया.



### एकादश कुण्डीय श्री रुद्र महायज्ञ में 52 जोड़ों ने दीं आहुतियां

**सीहोर.** जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम महुआखेड़ी में सात दिवसीय विशाल एकादश कुण्डिय श्री रुद्र महायज्ञ शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के दूसरे दिन यहां पर यज्ञ संचालक श्री-श्री 108 पंडित दुर्गाप्रसाद कटारे के मार्गदर्शन में 52 जोडों ने एक साथ वेद मंत्रों के साथ आहुतियां दीं. वहीं रात्रि को रामलीला का मंच किया गया. इस मौके पर यज्ञाचार्य पंडित दीपक शास्त्री, संत गोपाल, कमल पटेल, रामचरण, तुलसीराम, गजराज, विष्णु प्रसाद आदि शामिल थे. यज्ञ के मुख्य यजमान सुरेश गब्बर परमार ने बताया कि यहां पर शनिवार से भव्य कलश यात्रा के साथ शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन शुरू हो गया है. आगामी आठ मई तक किया जाएगा। पंडित श्री कटारे बाबा ने कहाकि यहां पर समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना की जा रही है.



### अधिकारियों ने किया उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण

**श्यामपुर.** जिले के सभी उपार्जन केंद्रों पर उपार्जन कार्य के सुचारू संचालन के लिए अधिकारियों द्वारा उपार्जन केंद्रों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है. इसी क्रम में राजस्व एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों ने श्यामपुर स्थित पवनपुंज वेयर हाउस, चरनाल स्थित मारुतिनंदन वेयरहाउस, महोड़िया स्थित ओम वेयरहाउस, कान्याखेड़ी स्थित पटेल वेयरहाउस, खजूरिया कला स्थित सीताराम वेयरहाउस, मानपुरा स्थित श्री कृष्णा वेयरहाउस, संग्रामपुर वेयरहाउस, पीलूखेड़ी स्थित गायत्री वेयरहाउस और तकीपुर स्थित वेयरहाउस सहित अनेक उपार्जन केंद्रो का निरीक्षण किया.




### समारोह में मेधावी बेटियों का किया सम्मान

**सीहोर.** जिला पंचायत वार्ड 03 के अंतर्गत 0वीं एवं 12वीं कक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली मेधावी बेटियों का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया. प्रतिभाशाली बेटियों को सम्मानित कर उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया गया. छात्रा प्रेक्षा बनवैया का भी सम्मान किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी अखिलेश राय एवं विशेष अतिथि के रूप में हितेश चौधरी उपस्थित रहे. अन्य अतिथियों में सीएसपी अभिनंदना शर्मा, अनुशा राठौर, पार्षद विशाल राठौर, डॉ. पुष्पा कन्नौजिया, कपिल परमार, यशिका सरकार, अजय ठाकुर एवं सचिन पंचाल उपस्थित रहे. सभी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान देकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई. कार्यक्रम के आयोजक टीम हरीश गुड्डू चौधरी के नेतृत्व में आयोजन संपन्न हुआ. कार्यक्रम मेंछात्राएं, अभिभावक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे.

# आरटीई में नि :शुल्क प्रवेश का दूसरा मौका

## पहले चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण, जिन विद्यालयों में सीटें रिक्त रही हैं, उन्हें दूसरे चरण में भरा जाएगा

- आज से शुरू होगी द्वितीय चरण की प्रक्रिया
- इस चरण में कोई नया पंजीयन नहीं हो सकेगा

नवभारत न्यूज

**सीहोर 3 मई. शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए जिले में आरटीई के तहत निजी स्कूलों में नि:शुल्क प्रवेश की द्वितीय चरण की प्रक्रिया 4 मई से शुरू होगी. राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं.**

गौरतलब है कि कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 12(1)(ग) के अंतर्गत अशासकीय, गैर-अनुदान प्राप्त निजी विद्यालयों में नि:शुल्क प्रवेश दिया जाता है.

प्रदेश में आरटीई के प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है. इसके बाद जिन विद्यालयों में सीटें रिक्त रह गई हैं, उन्हें द्वितीय चरण के लिए पोर्टल पर प्रदर्शित किया गया है. राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक हरजिंदर सिंह ने बताया कि इस चरण में कोई नया पंजीयन नहीं होगा और केवल वही आवेदक शामिल होंगे जिन्होंने पहले चरण में आवेदन किया था.अवकाश के कारण जिन अभिभावकों के बच्चों का दस्तावेज सत्यापन नहीं हो सका था, उन्हें एक और अवसर दिया गया है. ऐसे आवेदक चयनित जनशिक्षा केंद्र या बीआरसीसी कार्यालय में सत्यापन करा सकते हैं. द्वितीय चरण के अंतर्गत 9 मई तक दस्तावेज़ सत्यापन, 11 से 16 मई तक विद्यालयों की चॉइस अपडेट, 20 मई को ऑनलाइन लॉटरी तथा 20 मई से 10 जून तक प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी.

### जनशिक्षा केन्द्र पर अधिकारी रहेंगे पाबंद

द्वितीय चरण की प्रक्रिया को व्यवस्थित बनाने के लिए प्रत्येक जनशिक्षा केंद्र पर अधिकतम दो अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी, साथ ही जनशिक्षकों की भी ड्यूटी लगाई जाएगी ताकि समय-सीमा में सभी आवेदनों का सत्यापन हो सके. जिन आवेदकों को पहले चरण में कोई विद्यालय आवंटित नहीं हुआ, वे अपनी चॉइस अपडेट कर सकेंगे. इसके अलावा, जिन अभिभावकों को विद्यालय आवंटित हुआ था लेकिन उन्होंने प्रवेश नहीं लिया, वे भी इस चरण में शामिल होकर पुन: अपनी पसंद के विद्यालयों का चयन कर सकेंगे.

### नवमीं व 11 वीं की द्वितीय परीक्षा 3 जून से

स्कूल शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की कक्षा 9वीं एवं 11वीं की द्वितीय परीक्षा की समय-सारणी जारी कर दी है. कक्षा 9वीं की परीक्षा 3 जून से शुरू होगी और 12 जून तक चलेगी, जबकि कक्षा 11वीं की द्वितीय परीक्षा भी 3 जून से शुरू होगी और 13 जून को समाप्त होगी. परीक्षा को लेकर दिशा निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं. वार्षिक परीक्षा में एक या अधिक विषयों में अनुपस्थित व अनुत्तीर्ण विद्यार्थी द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे. कक्षा 9वीं में गणित विषय की परीक्षा विद्यार्थियों द्वारा माध्यमिक शिक्षा मण्डल के नामांकन में चयनित स्टेंडर्ड गणित, बैसिक गणित के अनुसार आयोजित होगी.

### 10 वीं, 12 वीं के छात्र आज तक भर सकेंगे फार्म

एमपी बोर्ड ने दूसरे बोर्ड 10वीं और 12वीं के दूसरे अवसर की परीक्षा के लिए फॉर्म भरने की तारीख तीसरी बार बढ़ा दी है. अब विद्यार्थी 4 मई तक परीक्षा फार्म भर सकेंगे. खास बात यह है कि परीक्षा फीस अधिक होने के कारण विद्यार्थी द्वितीय चरण की परीक्षा में शामिल नहीं हो रहे हैं. ऐसे में माध्यमिक शिक्षा मंडल बार-बार परीक्षा की तारीख बढ़ा रहा है कि ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी दूसरे अवसर की परीक्षा में शामिल हो सकें. अनुमान लगाया जा रहा है कि जिले में अब भी डेढ़ हजार से ज्यादा विद्यार्थी और संभाग में करीब 20 हजार से ज्यादा फेल विद्यार्थी ऐसे हैं जो दूसरे अवसर की परीक्षा में शामिल होने के फार्म नहीं भर पाए हैं. ऐसा फॉर्म भरने से छूटे छात्रों को एक और मौका दिया गया है. हाई स्कूल-हायर सेकंडरी के फेल या श्रेणी सुधार वाले ये छात्र अब सोमवार तक ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं. माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव बुद्धेश कुमार वैद्य ने इस संबंध में आदेश जारी किया है. हालांकि परीक्षा यथावत 7 मई से ही शुरू होंगी. बोर्ड ने पहले उक्त दोनों परीक्षाओं के लिए फॉर्म भरने की तारीख 26 अप्रैल तय की थी. इससे पहले फार्म भरने की अंतिम तिथि 22 अप्रैल थी. शिक्षा विभाग के अधिकारियों की मानें तो दोनों परीक्षाओं की गोपनीय सामग्री जिले में 4 मई को आ सकती है. समन्वयक संस्था से 5 मई को परीक्षा की गोपनीय सामग्री का वितरण होगा. सीहोर जिले की बात करें तो यहां 5 हजार 164 परीक्षार्थी फेल हुए थे।इसके साथ ही 151 विद्यार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे थे. यानी कि 5 315 विद्यार्थियों को पुन: परीक्षा में शामिल होना था. इसके साथ ही श्रेणी सुधार के लिए भी विद्यार्थी द्वितीय अवसर की परीक्षा में शामिल हो सकते हैं. हालांकि अब तारीख बढ़ने से अधिक से अधिक छात्र फार्म भर सकते हैं. जो छात्र फॉर्म भर चुके हैं उन्हें प्रवेश पत्र ऑनलाइन मिलेंगे.

### आईपीएल का सट्टा खेल रहे दो युवक गिरफ्तार

**भैरूंदा.** इन दिनों चल रहे आईपीएल क्रिकेट मैचों को लेकर सटोरिए भी सक्रिय बने हैं. रोजाना हर मैच में लाखों रुपए के दांव सटोरियों द्वारा लगवाए जा रहे हैं. ऐसे में पुलिस भी लगातार सक्रिय रहकर सटोरियों की धरपकड़ में जुटी है. इसी तारतम्य में पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि जेपी मार्केट व दुर्गा चौक पर आईपीएल के मुम्बई इंडियन्स व चैन्नई सुपुर किंग्स के चल रहे मैच पर हार जीत का दाव लगाकर सट्टा खेला जा रहा है. थाना प्रभारी भैरुन्दा घनश्याम दांगी द्वारा टीम गठित की गई एवं सूचना पर मुखबिर द्वारा बताए स्थान जेपी मार्केट व दुर्गा चौक पर पहुंचकर त्वरित कार्यवाही की गई. जहां मौके पर राजश्री एवरफ्रेश व दुर्गा मन्दिर के पास आरोपीगण 28 वर्षीय यश राय पिता कैलाश चन्द्र राय निवासी जेपी मार्केट व 34 वर्षीय रजत मालवीय पिता अजय मालवीय निवासी स्वप्न सिटी अपने मोबाईल पर आईपीएल सट्टा खेलते पाऐ गए. आरोपियों के कब्जे से दो मोबाईल फोन जप्त किये एवं उनके विरूद्व सट्टा एक्ट का अपराध पंजीबद्द किया गया. धरपकड़ कार्रवाई में पुलिस टीम के लोकेश सोलंकी, सतेन्द्र जाट, दिनेश अहिरवार, अजय खजुरिया, मोहर सिंह, विश्वास का सराहनीय योगदान रहा.

## राय ने खेली 70 गेंद पर 136 रन की पारी

नवभारत न्यूज

**सीहोर 3 मई.** शहर के बीएसआई मैदान पर विमला देवी स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में गणेश टायर ने इंटीग्रिटी सल्युशन को 188 रन के विशाल अंतर से हराया. इस मैच में गणेश टायर की ओर से आदर्श राय ने 70 गेंद पर 18 चौके और छह छक्कों की मदद से 136 रन, राज कुशवाहा ने 55 गेंद पर 96 रन, आदित्य अग्रवाल ने 34 गेंद पर 82 रन, जितेन्द्र जायसवाल ने 28 रन, पूर्वेश 12 रन, इशान 14 रन बनाए थे. मैन आफ द मैच आदर्श राय रहे.

डीसीए के मीडिया प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि सुबह पहले बल्लेबाजी करने उतरी गणेश टायर ने 39.2 ओवर में 428 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था। इसमें सबसे अधिक रन आदर्श राय ने 136 रन बनाए थे. वहीं इंटीग्रिटी सल्युशन की ओर से गेंदबाजी करते हुए बिलाल दुलारे मियां-दर्शिल समाधिया ने 3-3 विकेट, रोहन चंद्रवंशी-विपिन वर्मा और सक्षम ने एक-एक विकेट हासिल किए. इधर लक्ष्य



का पीछा करने उतरी इंटीग्रिटी सल्युशन की पूरी टीम 34.5 ओवर में 240 रन में सिमट गई. इसमें बिलाल दुलारे मियां ने शानदार 50 रन, हितेश ने 28 रन, भविष्य त्यागी ने 16 रन, रोहन चंद्रवंशी ने 30 रन, विपिन वर्मा ने 36 रन, अनंत ने 21 रन और सक्षम ने 16 रन की पारी खेली. इधर गणेश टायर की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए नमन ने 5.5 ओवर में 40 रन देकर चार विकेट, आदित्य ने दो विकेट और मनीष परमार, अतुल त्रिवेदी और राज कुशवाहा ने एक-एक विकेट हासिल किया.

# जिले की पुलिस में मातृशक्ति युग की शुरुआत

- जिला पुलिस अधीक्षक के पद पर सोनाक्षी सक्सेना आसीन
- एएसपी, सीएसपी, एसडीओपी पद पर महिला अधिकारी हैं



नवागत एसपी सोनाक्षी सक्सेना | एएसपी श्रीमती सुनीता रावत | सीएसपी अभिनंदना शर्मा | एसडीओपी पूजा शर्मा

नवभारत न्यूज

**सीहोर 3 मई.** प्रदेश शासन की रविवार को जारी तबादला सूची के बाद जिले की पुलिस व्यवस्था में बड़ा बदलाव देखने को मिला है. नए पुलिस अधीक्षक के रूप में सोनाक्षी सक्सेना की नियुक्ति के साथ ही जिले की सुरक्षा व्यवस्था की कमान अब पूरी तरह महिला अधिकारियों के हाथों में आ गई है, जिसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है.

प्रदेश सरकार द्वारा जारी हालिया तबादला सूची ने जिले के पुलिस महकमे में एक नया अध्याय जोड़ दिया है. अब जिले की सुरक्षा व्यवस्था का नेतृत्व महिला अधिकारी संभालेंगी. सोनाक्षी सक्सेना को नया पुलिस अधीक्षक (एसपी) नियुक्त किया गया है, जबकि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) के पद पर सुनीता रावत, एसडीओपी (सीहोर) के रूप में पूजा शर्मा और नगर पुलिस अधीक्षक (सीएसपी) के पद पर अभिनंदना शर्मा पहले से ही तैनात हैं.

इस तरह जिले के प्रमुख चार पदों पर महिला अधिकारियों की मौजूदगी ने सीहोर पुलिस को एक नई पहचान दी है. पुलिस वायरलेस पर 'माइक-1'—जो एसपी के लिए इस्तेमाल होता है अब एक महिला अधिकारी की आवाज में गूंजेगा. यह बदलाव न केवल प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि सामाजिक स्तर पर भी एक मजबूत संदेश देता है. महिला नेतृत्व के इस दौर से जिले में खासतौर पर महिलाओं में सुरक्षा और विश्वास की भावना बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है. छेड़खानी, घरेलू हिंसा और साइबर अपराध जैसे मामलों में पीड़िताएं अब अधिक सहजता से अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगी.

वहीं, निवर्तमान एसपी दीपक शुक्ला का कार्यकाल भी सीहोर में उल्लेखनीय रहा. उनके नेतृत्व में अवैध शराब और मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाया गया. साथ ही, हिस्ट्रीशीटरों और अवैध कब्जाधारियों पर सख्त कार्रवाई कर कानून व्यवस्था को मजबूत किया गया. नई एसपी सोनाक्षी सक्सेना के सामने इन उपलब्धियों को आगे बढ़ाने व जिले को और सुरक्षित बनाने की चुनौती होगी. आगामी त्योहारों और कानून-व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए उनकी कार्यशैली पर नजरें रहेंगी. कुल मिलाकर जिले में महिला नेतृत्व की यह नई तस्वीर न केवल प्रशासनिक बदलाव का संकेत है, बल्कि समाज में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और सशक्त भूमिका का भी प्रतीक बनकर उभर रही है. लोगों को 'लेडी सिंघम' टीम से बेहतर सुरक्षा और संवेदनशील पुलिसिंग की उम्मीद है.

# परेशान किसान सरकार की नाकामी कर रहे उजागर

- कांग्रेस नेताओं ने उपार्जन केंद्रों का किया निरीक्षण
- किसानों से चर्चा कर सरकार पर साधा निशाना

नवभारत न्यूज

**सीहोर 3 मई.** जिले की आष्टा विधानसभा के जावर के वेयर हाऊस का जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती ने पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल के साथ औचक निरीक्षण किया, जहां पर जो हालात देखने को मिले, वो सीधे-सीधे मोहन सरकार की नाकामी को उजागर करते हैं.

कांग्रेस नेता गुजराती ने बताया कि जब किसानों के बीच पहुंचे, तो सच्चाई बेहद दर्दनाक थी.



किसानों का गेहूं पूरी तरह तैयार है, वेयर हाऊस तक पहुंच चुका है, लेकिन सरकार की अव्यवस्था के कारण तुलाई नहीं हो पा रही है. नतीजा यह है कि किसान 5-7 दिनों से अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर लाइन में खड़े हैं. 2000 रोज किराया देकर किसान गेहूं लेकर आते हैं, लेकिन मोहन सरकार की व्यवस्था इतनी कमजोर है कि उनका माल समय पर तौल तक नहीं हो रहा. ऊपर से मौसम खराब—किसान डर में जी रहा है कि कहीं मेहनत की पूरी फसल खराब न हो जाए. किसान हितैषी सरकार के राज में कांटों की कमी है, प्रबंधन शून्य है और जिम्मेदार लोग सिर्फ कागजों में व्यवस्था सुधारने के दावे कर रहे हैं. मोहन सरकार को जवाब देना होगा किसानों को 7-7 दिन तक लाइन में क्यों खड़ा रखा जा रहा है. तुलाई के पर्याप्त कांटे क्यों नहीं लगाए गए. किसानों को हो रहे आर्थिक नुकसान की जिम्मेदारी कौन लेगा. कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा अगर शीघ्र ही व्यवस्था नहीं सुधरी, तो यह आवाज और बुलंद होगी. इस मौके पर सीहोर, आष्टा के साथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद सिंह ठाकुर उपस्थित थे.

## मौसम हुआ साफ तो बढ़े गर्मी के तेवर

नवभारत न्यूज

**सीहोर 3 मई.** दो दिन से शाम को राहत देने आ रही ठंडी हवाओं ने रविवार को बेरूखी दिखाई. नतीजतन आसमान साफ होने के कारण धूप के तेवर काफी तीखे रहे, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा.

गौरतलब है कि बीते दो दिन से मौसम के मिजाज बदले बदले नजर आ रहे थे. दिन भर की तपन के बाद शाम को आसमान पर घिर आने वाले काले बादलों के अलावा तेज रफ्तार से चलते आंधी तूफान के कारण मौसम में ठंडक घुल रही थी और लोगों को भीषण गर्मी की तपन से छुटकारा मिल रहा था. हालांकि इस अंधड़ के कारण कई घरों के चद्दर और खपरैल उड़ने व पेड़ गिरने के मामले भी सामने आ रहे थे. मौसम विभाग आगे भी मौसम के ऐसे ही हाल रहने की संभावना जताई जा रही थी, लेकिन रविवार को सुबह से आसमान साफ रहा. इस दौरान आसमान से बरस रही आग और भीषण गर्मी ने लोगों को परेशान कर रखा. अवकाश का दिन होने के कारण लोग घरों में दुबककर गर्मी से राहत पाने के जतन करते रहे. नतीजतन शहर की अधिकांश सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ था. इस दौरान कई क्षेत्रों में बिजली की असहनीय व अघोषित कटौती ने भी लोगों को परेशान कर रखा था. उनमें विद्युत वितरण कंपनी की लापरवाही को लेकर आक्रोश का माहौल बना हुआ था.

### देवनारायण कथा व महायज्ञ का शुभारंभ

**सीहोर.** देव गुरु धाम इमलिया भोज में रविवार से संगीतमय सात दिवसीय देवनारायण कथा एवं विष्णु पंचकुण्डात्मक महायज्ञ का विधि विधान से शुभारंभ हुआ. कार्यक्रम में राष्ट्रीय कथावाचक फूलसिंह गुर्जर के द्वारा भगवान देवनारायण कथा श्रद्धालुओं को सुनाई जाएगी. महायज्ञ के दौरान पंडित हरण शास्त्री के सानिध्य में कन्याओं का निशुल्क विवाह भी संपन्न होगा. कमलेश गुर्जर ने बताया कि देवभक्त और ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजन हो रहा है.आयोजन समिति के भारत सिंह गुर्जर ने बताया कि कार्यक्रम में संत महंत महात्मा और ब्राह्मण जन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन सम्मिलित होंगे.

**अभियान** हनुमान फाटक के समीप सीवन नदी से जलकुंभी हटाने व गहरीकरण का कार्य जारी

# मौसम के बिगड़े मिजाज के बीच जारी ऑपरेशन सीवन

नवभारत न्यूज

**सीहोर 3 मई.** शहर की जीवनदायिनी सीवन नदी को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए चलाया जा रहा 'ऑपरेशन सीवन' अपने 30वें दिन भी पूरे जोश के साथ जारी रहा. महिला घाट पर चलाए गए इस अभियान में आंधी, तेज हवा और बारिश के बावजूद सीवन योद्धाओं का हौसला देखने लायक रहा.

अभियान के दौरान नदी के भीतर जमा कांटेदार टीलों को ट्रैक्टर और रस्सियों की मदद से बाहर निकाला गया. समाजसेवी संजीव राय द्वारा ट्रैक्टर की व्यवस्था कर अभियान को गति दी गई. पांचवें दिन की मेहनत के बाद महिला घाट का दृश्य पूरी तरह बदल गया. घाट का पानी इतना स्वच्छ दिखाई दिया कि आसपास स्थित मंदिरों की छवि उसमें साफ नजर आने लगी.

अभियान के दौरान एक चिंताजनक दृश्य भी सामने आया. गंदगी के बीच बड़ी संख्या में शिवलिंग खंडित मिले. कुछ सही हालत में थे, जबकि कई टूटे हुए पाए गए. इस स्थिति को देखकर कार्यकर्ताओं ने गहरी पीड़ा व्यक्त की. सीवन योद्धाओं ने बताया कि लगातार समझाइश और सख्ती के बावजूद लोग पुल से कचरा नदी में फेंक रहे हैं, जिससे नदी की स्वच्छता पर असर पड़ रहा है. उन्होंने प्रशासन से सख्त कदम



उठाने की मांग की है. अभियान का नेतृत्व राजकुमार सोनी 'भूरा भैया' ने किया. श्यामलाल, कमल नाविक, राधेश्याम और सचिन नाविक सहित अन्य साथी मौजूद रहे. शाम को योद्धाओं का सम्मान भी किया गया. इस दौरान सुरेश भगत, अशोक नामदेव, रवि दुबे, प्रदीप साहू, कैलाश चौहान, मुकेश राय, वैभव राठौर, प्रकाश यादव, जगदीश वर्मा, संतोष मेवाड़ा सहित कई लोग मौजूद थे.

### नशे के विरुद्ध दिया जागरुकता का संदेश

**सीहोर.** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नशा मुक्ति तथा श्रमिकों के अधिकार एवं मानसिक स्वास्थ्य विषयों पर प्रशिक्षण सह विधिक साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किया गया. प्रधान जिला न्यायाधीश संजीव कुमार अग्रवाल ने कहा कि नशा विनाश का द्वार है, विशेषकर युवा वर्ग से नशे से दूर रहना चाहिए. प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय वैभव मंडलोई ने कहा कि पेरा लीगल वॉलिंटियर्स की विधिक सेवा गतिविधियों एवं आमजन को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका होती है. सचिव श्रीमती स्वप्नश्री सिंह द्वारा नालसा डॉन और नालसा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाएं योजना के बारे में जानकारी दी.